## खबर संक्षेप

### सीएमओ पर कलेक्टर के आदेशों की अनदेखी का आरोप

**मैहर।** नगर पालिका परिषद की सीएमओ एक बार फिर विवादों में हैं। कलेक्टर रानी बाटड ने उन्हें दो बार नोटिस जारी किया है,लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।पहला नोटिस तब जारी किया गया था जब बीएसएनएल की बाउंड्री गिरने से एक महिला की मौत हो गई थी। कलेक्टर ने इसे सीएमओ की लापरवाही बताया था। दूसरा नोटिस शहर की बदहाल सफाई व्यवस्था को लेकर दिया गया,जिसमें जगह-जगह कचरा और गंदगी फैली हुई है। कलेक्टर ने 25 अगस्त को नोटिस जारी कर सफाई सुधारने के निर्देश दिए थे,लेकिन स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया।कलेक्टर के आदेशों की अनदेखी से शहर की छवि खराब हो रही है और नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है।

### कांग्रेस सेवा दल का मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम आयोजित



**मैहर।** जिला कांग्रेस सेवा दल द्वारा मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र ने कहा कि सेवा दल का हर कार्यकर्ता ध्वज के प्रति आजीवन निष्ठावान रहेगा,क्योंकि यह ध्वज सिर्फ कपड़ा नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा का प्रतीक है। उन्होंने हाल ही में नियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई का स्वागत करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व संगठन को और मजबूत करेगा। धर्मेश घई ने भी सेवा दल की परंपरा की सराहना की और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### 1 लाख 72 हजार रूपये से अधिक की अवैध शराब जब्त, 5 प्रकरण किये दर्ज

**हरिभूमि न्यूज: कटनी** ग्राम हरदुआ कुडो में आयोजित लोक जनसुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय की शिकायत मिलने के बाद कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश परआबकारी विभाग और पुलिस थाना कुठला की संयुक्त टीम ने आबकारी वृत्ति बहोरीबंद के अंतर्गत कुचबंदिया मोहल्ला हरदुआ में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुये भारी मात्रा में अवैध महुआ लाहन और हाथ भट्टी मदिरा जब्त की है। टीम ने दबिश के दौरान प्लास्टिक के गुम्मों में छिपाया गया 1 हजार 125 किलोग्राम महुआ लाहन और 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की। जब्त की गई सामग्री की कुल अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 72 हजार 500 रुपये आंकी गई है। टीम द्वारा मौके पर ही महुआ लाहन को नष्ट कर दिया गया। आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क और च के तहत कुल 5 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। संयुक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी एस.बी. कोरी, आबकारी उप-निरीक्षक केशव उइके, के.के. पटेल, अतुल कुटार, आंचल प्रजापति के साथ-साथ आबकारी आरक्षक रामसिंह, राजेश गौंटिया, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, किसनलाल बराडिया, सैनिक प्रभु लाल सेन और पुलिस थाना कुठला के आरक्षक शामिल थे।

### साइबर फ्राडः जागरूक रहना जरूरी, नहीं तो जालसाज लगा सकते हैं चपत

**हरिभूमि न्यूजः कटनी** आधुनिकता के इस युग में हर व्यक्ति के जेब में एंड्राइड मोबाइल है, मोबाइल कई तरह की सुविधाओं उपलब्ध कराता है। आज मोबाइल न सिर्फ संपर्क तक सीमित है बल्कि आपका चलता फिरता बैंक अकाउंट है। जरा सी असावधानी या जागरूकता की कमी से बैंक अकाउंट खाली होने में समय नहीं लगता। साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों को देखते हुए विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक करने के प्रयास किये जा रहे हैं। बैंकों अधिकारियों से लेकर पुलिस द्वारा भी आम नागरिकों को जालसाजो के झांसा में नहीं आने तथा अपनी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

# मौत के बाद बना संबल कार्ड

**सतना।** नागौद थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव में रविवार शाम बड़ा हंगामा हुआ। ग्रामीणों का कहना था कि लंबे समय से पात्र लोगों के संबल कार्ड नहीं बनाए जा रहे थे। इसी बीच गांव के सचिव ने मृतक का संबल कार्ड जारी कर दिया।

### क्या है पूरा मामला

दरअसल वीरपुर गांव में लंबे बीमार चल रहे महेंद्र कुशवाहा 57 वर्ष की मौत हो गई। महेंद्र के परिजनों ने संबल कार्ड के तहत अंतिम संस्कार के लिए सहायता राशि मांगी। सरपंच ने संबल कार्ड न होने का हवाला देकर सहायता राशि देने से मना कर दिया।

### संबल कार्ड न बनने से नाराज थे ग्रामीण

राशि न मिलने से नाराज ग्रामीण शव लेकर पोड़ी चौराहे पर प्रदर्शन करने पहुंच गए। तभी सचिव तरुण मिश्रा ने मृतक का संबल कार्ड बनाकर स्वीकृत कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि वे सरपंच,सचिव और रोजगार सहायक से कई बार कार्ड बनाने की मांग कर चुके थे,लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। इस लापरवाही के कारण गांव के कई पात्र लोग वंचित हैं। मृतक महेंद्र कुशवाहा के परिवार को भी अंतिम संस्कार के लिए संबल योजना से मदद नहीं मिल रही थी।



ई-संबल कार्ड
संबल आईडी - 200-339-336
श्रमिक का नाम : Mahendra Kumar Kachhi
पिता/पति का नाम : S/O: Kamta Prasad Kachhi
जन्मतिथि : 01/01/1968
लिंग : Male
वर्ग : OBC
मोबाइल नं. : ******1383
पदाभिहित अधिकारी : अशोक कुमार मिश्रा
पद : मुख्य कार्यपालन अधिकारी
Sign
श्रम विभाग, मध्यप्रदेश शासन

### सचिव ने जारी किया मृत व्यक्ति का कार्ड

गुस्साए ग्रामीणों ने जब शव लेकर चौराहे पर चक्का जाम कर दिया तो सचिव ने आनन फानन में मृतक का कार्ड जारी कर दिया।जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे। आधे घंटे बाद सरपंच शिवेंद्र सिंह भी वहां पहुंचे और मृतक के परिजनों को 5,000 रुपए की अंत्येष्टि सहायता राशि सौंपी।जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए। सरपंच ने कहा कि संबल कार्ड के मामले में वे कई बार जनपद और जिला स्तर पर शिकायत कर चुके हैं,लेकिन सुनवाई नहीं हुई।अब मृतक का कार्ड बन चुका है और परिवार को योजना का लाभ दिलाया जाएगा।

# काले बाजार में बिक रही है यूरिया खाद

## किसानों से 266 की जगह 500 रुपए प्रति बोरी वसूले जा रहे

**सतना।**

बिरसिंहपुर में किसानों को यूरिया खरीदने के लिए दोगुने दाम चुकाने पड़ रहे हैं। चेतन कृषि सेवा केंद्र में यूरिया की खुलेआम कालाबाजारी हो रही है। सरकार द्वारा निर्धारित 266 रुपए प्रति बोरी की जगह 500 रुपए प्रति बोरी वसूले जा रहे हैं। वार्ड नंबर 3 स्थित केंद्र में करीब 800 बोरी यूरिया रखी हुई है। यहां बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के खाद बेची जा रही है। व्यापारी किसानों को यूरिया तभी दे रहे हैं जब वे जिंक खाद भी खरीदें। यह सब तहसील कार्यालय के सामने हो रहा है। किसानों को आशंका है कि कालाबाजारी में जिम्मेदारों की मिलीभगत है।

### अफसरों पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

किसानों का कहना है कि अधिकारियों की मिलीभगत के बिना इतनी बड़ी मात्रा में कालाबाजारी संभव नहीं है। खरीफ सीजन में धान और मक्का की फसलों को खाद की जरूरत होती है। महंगे डीजल और बिजली संकट से पहले से ही परेशान किसानों को अब खाद के लिए भी अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। समय पर और उचित दरों पर खाद न मिलने से किसानों की मेहनत बेकार हो सकती है। तहसीलदार और राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी इस मामले में





कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। किसानों की समस्या को देखते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की जा रही है। इस मामले में एसडीएम मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर से संपर्क करने की कोशिश की गई,लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। वहीं,उप संचालक कृषि मनोज कश्यप ने कहा कि इस संबंध में वे स्थानीय कृषि अधिकारी से चर्चा करेंगे।

# शिक्षकों का विरोध-प्रदर्शन, ई-अटेंडेंस एप के खिलाफ धरना



**सतना।** शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस एप के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। रविवार को सिविल लाइन स्थित चौपाटी में शिक्षक एकत्र हुए। राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष शैलेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा विभाग का रवैया अफसरशाही है। यह शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव बना रहा है। इससे शैक्षणिक गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। विभाग द्वारा उपयोग किया जा रहा मोबाइल एप तकनीकी खामियों से भरा है। ग्रामीण और दूरस्थ विद्यालयों में नेटवर्क की समस्या के कारण एप ठीक से काम नहीं कर रहा है। शिक्षकों की उपस्थिति सही तरीके से दर्ज नहीं हो पा रही है। शिक्षकों का कहना है कि वे पूरी निष्ठा से काम कर रहे हैं। विभागीय अधिकारी मनमाने आदेश जारी कर उनकी गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं। शिक्षक संघ ने सुझाव दिया है कि विभाग हर स्कूल में बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट मशीन लगा सकता है। शैलेंद्र त्रिपाठी ने विभाग को चेतावनी दी कि शिक्षकों के आत्मसम्मान और कार्यस्थल की गरिमा से खिलवाड़ अब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान मोबाइल एप विवादित और अविश्वसनीय है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर साइक्लिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**मैहर।**



राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मैहर में साइक्लिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर रानी बाटड के निर्देशानुसार,यह प्रतियोगिता माँ शारदा मंदिर रोपवे रोड से आल्हा मंदिर तक आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने,सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी और अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह सहित कई अन्य अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### छात्रों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

छात्र परिषद मैहर द्वारा पिछले 18 वर्षों से विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस वर्ष भी यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है,जिसमें कक्षा 6 से लेकर महाविद्यालय तक के सभी छात्र-छात्राएं हिस्सा ले सकते हैं। भाग लेने की अंतिम तिथि 25 सितंबर है। विजेताओं को स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह में नकद पुरस्कार,शील्ड और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। छात्र परिषद के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार और मीडिया प्रभारी सूर्यकांत द्विवेदी ने बताया कि हर साल हजारों छात्र इस प्रतियोगिता में शामिल होते हैं।

# मुकुंदपुर में व्हाइट टाइगर सफारी का निरीक्षण



**सतना।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रविवार को मैहर जिले के मुकुंदपुर स्थित महाराजा मार्तंड सिंह व्हाइट टाइगर सफारी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सफेद शेर और अन्य वन्य प्राणियों के बाड़ों का अवलोकन किया। उन्होंने सफारी में बने रेप्टाइल पार्क का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर डीएफओ मयंक चांदीवाल सहित वन विभाग और सफारी के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।



# संतथाम स्कूल में खेल दिवस पर कार्यक्रम

**मैहर।**

संतथाम हायर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्रों ने मेजर ध्यानचंद का चित्र बनाया और वॉलीबॉल मैच भी खेला। स्कूल के प्राचार्य फादर जोवित ने मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया और कहा कि उनका जीवन खेल और देश के प्रति समर्पित था। कार्यक्रम का समापन फल वितरण के साथ हुआ।

# बस के ब्रेक फेल, ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा टला

**मैहर।**



रविवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते बच गया। जानकारी के मुताबिक,जय हनुमान ट्रैवल्स की एक यात्री बस का ब्रेक फेल हो गया,जिसके बाद बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक बिजली के खंभे और फिर बड़े पत्थर से टकराकर रुक गई। गनीमत रही कि बस उस समय खाली थी और सामने कोई नहीं था,जिससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला।

# एशियन आइस स्केटिंग प्रतियोगिता में विंध्य की बेटियों को सम्मान



**सतना।**

देहरादून,उत्तराखंड में आयोजित एशियन शॉर्ट ट्रैक ट्रॉफी में सतना की दो प्रतिभाशाली बेटियों ने भारत के लिए पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए,दोनों खिलाड़ियों-पहल मोंगिया और उद्रेका सिंह को जिला ओलंपिक संघ और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा एक भव्य समारोह में सम्मानित किया गया। 20 से 23अगस्त तक महाराणा प्रताप स्टेडियम स्थित हिमाद्रि इंटरनेशनल आइस रिंक में आयोजित इस प्रतियोगिता में कई देशों के लगभग 200 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था।पहल मोंगिया ने जूनियर ई कैटेगरी (333 मीटर) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक (ब्रोंज) जीता। वह इस महिला आयु वर्ग में भारत की पहली पदक विजेता खिलाड़ी बनकर इतिहास में दर्ज हो गईं। वहीं,उद्रेका सिंह ने वीमेंस रिले 3000 मीटर में रजत पदक (सिल्वर) जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया। दोनों खिलाड़ियों की अद्वितीय सफलता का जश्न मनाने के लिए, जिला ओलंपिक संघ सतना ने ओम रिसॉर्ट्स में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी थीं,जबकि विशिष्ट अतिथियों में महापौर योगेश ताम्रकार, विंध्य चैम्बर के अध्यक्ष सतीश सुखेजा,और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। अपने संबोधन में, राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने दोनों खिलाड़ियों और उनके माता-पिता को बधाई दी।उन्होंने कहा कि कंफर्ट जोन से बाहर निकलकर ही बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। महापौर योगेश ताम्रकार ने सतना में अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम के विकास की घोषणा की,ताकि स्थानीय खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए बाहर न जाना पड़े। इस अवसर पर अभिनव भट्ट,मनोहर डीगवानी,हरि ओम गुप्ता,डॉ सुनील अग्रवाल सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक और सामाजिक-व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस का समापन



**सतना।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में,29 से 31 अगस्त तक चले राष्ट्रीय खेल दिवस का समापन रविवार को सतना के दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम में हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद गणेश सिंह ने की। इस मौके पर चित्रकूट विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार,महापौर योगेश ताम्रकार,जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह,कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस,पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि,खेल विभाग के अधिकारी,कर्मचारी और बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी दर्शक उपस्थित रहे। समापन कार्यक्रम में खेल संगठनों और खिलाड़ियों से संवाद,खेल प्रतिभाओं का सम्मान,और सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ की घोषणा की गई। इसके अलावा,एक फुटबॉल का प्रदर्शनी मैच भी खेला गया।

# मन की बातः प्रधानमंत्री मोदी ने प्राकृतिक आपदाओं पर बात की

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने 1376 बूथों पर सुना कार्यक्रम

**सतना।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 125वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। उन्होंने देश में आई प्राकृतिक आपदाओं,जैसे बाढ़ और भूस्खलन पर बात की और कहा,जिन परिवारों ने अपने प्रियजन खोए,उनका दर्द हम सबका दर्द है। पीएम मोदी ने बताया कि इन आपदाओं में लोगों के घर,खेत,सड़कें और पुल बह गए,जिससे लोगों का जीवन संकट में आ गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे मुश्किल समय में NDRFऔर SDRFके जवान दिन-रात राहत और बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं। जवानों ने राहत कार्यों में तेजी लाने के लिए थर्मल कैमरे,ड्रोन और खोजी कुत्तों जैसी आधुनिक तकनीकों का भी इस्तेमाल किया है। प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को सतना जिले के सभी 1376 बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने सुना। सतना में,भाजपा जिलाध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय ने बूथ क्रमांक 266 पर पार्टी पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं और महिला मोर्चा की सदस्यों के साथ कार्यक्रम सुना।इस अवसर पर सतना के सांसद गणेश सिंह,महापौर योगेश ताम्रकार ,मध्यप्रदेश सरकार की मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी,नागौद विधायक नागेंद्र सिंह और रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह भी अलग-अलग स्थानों पर कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद रहे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता ने बताया कि जिलेभर में 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में इकट्ठा हुए।इस दौरान जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय,प्रदेश प्रवक्ता प्रहलाद कुशवाहा,जिला उपाध्यक्ष मुरारी सोनी और कई अन्य प्रमुख कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा करेगी प्रदर्शन

**सतना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माता जी के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अन्य कांग्रेसी नेताओं द्वारा की गई अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा 1 सितंबर को प्रदर्शन करेगी।भाजपा जिलाध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें दोपहर 3 बजे रूई मंडी,स्टेशन रोड पर एकत्रित होकर पन्नीलाल चौक,बिहारी चौक और जय स्तंभ चौक होते हुए कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस दौरान राहुल गांधी का पुतला दहन भी होगा। इस प्रदर्शन की तैयारी के लिए भाजपा कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें महापौर योगेश ताम्रकार,महिला मोर्चा सह मीडिया प्रभारी प्रियांशा उर्मलिया,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा सिंह यादव,जिला महामंत्री रमाकांत गौतम सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। इस खबर को पंडित भगवती प्रसाद पांडेय ने 'मां का अपमान कांग्रेस की पहचान' शीर्षक देते हुए जारी किया है।

## खबर संक्षेप

### सप्ताह में दो बार आई.एफ.ए. का 1 एम.एल. सीरप अवश्य पिलायें

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया छोटे बच्चों के शारीरिक-मानसिक विकास में एनीमिया बड़ी बाधा है। समय पर पहचान और रोकथाम से बच्चों को स्वस्थ बनाया जा सकता है। दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास का समन्वित दल द्वारा आंगनवाडी केन्द्रों में 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों को एनीमिया से बचाव हेतु विशेष सेवायें दी जा रही हैं। उन्हें आयरन सीरप पिलाया जा रहा है। एनीमिया से बचाव के उपाय भी बताये जा रहे है। गंभीर एनीमिक बच्चों को समीपवर्ती उच्च स्वास्थ्य संस्था में रेफर कर आवश्यकतानुसार ब्लड आपूर्ति भी कराई जा रही है। सीएमएचओ डॉ. अठया ने बताया जिले में 764 ग्रामों के 71402 बच्चों की स्वास्थ्य जांच में 47 प्रतिशत बच्चों में एनीमिया के प्रारंभिक लक्षण पाये गये।

### रक्षा ताइक्वांडो प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

**दमोह।** सेंट जॉन्स हायर सेकेंडरी स्कूल में 28 से 30 अगस्त तक तीन दिवसीय 'रक्षा ताइक्वांडो प्रशिक्षण कार्यशाला' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बच्चों को आत्मरक्षा के गुर प्रशिक्षक मनीष सिंह द्वारा सिखाए गए। कार्यक्रम का समापन 30 अगस्त को हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पटेरा थाना प्रभारी (टी.आई.) श्रीमती सरोज ठाकुर तथा महिला थाना (एस.आई.) श्रीमती प्रियंका पटेल उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथियों ने बच्चों को आत्मरक्षा का महत्व समझाया और विशेष रूप से बालिकाओं को कानून, उनके अधिकारों एवं सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी दी। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने यह भी अवगत कराया कि अब आपातकालीन स्थिति में पुलिस सहायता के लिए पहले की तरह डायल 100 के स्थान पर डायल 112 नंबर का उपयोग किया जाएगा। स्कूल प्रबंधन एवं उपस्थित अभिभावकों ने इस कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण बच्चों को आत्मविश्वासी और सजग बनाते हैं।

### गरीबों के मुंह का निवाला छीन रहे सेल्समेन

**फतेहपुर।** बटियागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेलापुरवा में राशन वितरण में अनियमितायें लगातार सामने आ रही है। यहां पर जय मां गायत्री समूह द्वारा राशन दुकान का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार शासन से तीन माह का राशन वितरण किया जाना था जबकि दो माह का राशन वितरण किया गया है और एक माह का राशन सेल्समेन द्वारा गबन कर लिया गया। सेल्समेन यशोदा बाई इंदर सिंह जो कि अपनी मनमर्जी से अपने घर से राशन वितरण करते हैं जबकि राशन गोदाम बेला में मौजूद है। ग्रामीणों एवं सरपंच का आरोप है की एक माह का राशन गबन किया गया है जिसकी शिकायत खाद्यान्न नागरिक आपूर्ति विभाग से की गई थी और कर्मचारियों अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों से पूछताछ कर पंचनामा कायम किया गया था जिसकी जांच आज दिनांक तक नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है की इन पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए। हम लोगों को एक माह का राशन वितरण किया जाए। शासन से हम लोग आशा करते हैं की हमारी शिकायत की सुनवाई करते हुये न्याय दिलाया जाये।

### दमोह को मिले दो प्रांतीय पदाधिकारी

**दमोह।** प्रांतीय अध्यक्ष साबिर खान ने दमोह जिले से प्रांतीय कार्यकारिणी में नियाज अली को प्रांतीय उपाध्यक्ष बनाया एवं फरीद खान प्रांतीय सचिव पद पर नियुक्ति की हैं। जिला शाखा अध्यक्ष विजय शर्मा एवं तुलसीराम रैकवार, अशोक रैकवार, मिर्जा वॉइस, जावेद खान, जाहिद खान, अशोक अहिरवार, रामसेवक उपाध्याय एवं समस्त वाहन चालक यांत्रिक साथियों की ओर से बहुत-बहुत हार्दिक बधाई। प्रांतीय अध्यक्ष साबिर खान का आभार जिन्होंने दमोह जिले को दो प्रांतीय पदाधिकारी दिए।

## उत्साह उमंग के साथ मनाई गई राधा अष्टमी

# बाई जू राज महारानी जी मंदिर में हुआ जन्मोत्सव कार्यक्रम रतन जागृत आभूषणों से किया गया सोलह सिंगार

**पन्ना।**





पन्ना धाम मोहल्ला स्थित बाई जू राज महारानी जी मंदिर में राधा रानी का जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में झीलना का कार्यक्रम संपन्न हुआ। तत्पश्चात विभिन्न स्वर्ण चरित्र आभूषणों से राधा रानी का श्रृंगार किया गया। दोपहर होते होते सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु सुंदरसाथ मंदिर प्रांगण में पहुंचने लगे और ढोलक में मजीरो से गायन शुरू हुआ। दोपहर जन्मोत्सव हुआ और जैसे ही पर्दा खुली उपस्थित श्रद्धालु सुंदर साथ में राधा रानी के दर्शन किए और श्रीफल अर्पित कर राधा अष्टमी मनाई। तत्पश्चात बड़ी आरती से राधा रानी की आरती की गई और भोग लगाया गया। इसके बाद सभी उपस्थित लोगों में प्रसाद और पंचामृत वितरित किया गया। महारानी राधा रानी के जन्मोत्सव मनाने पहुंचे महिलाएं, बच्चे सभी रंग बिरंगे कपड़े पहने हुए थे वहीं माय लाइफ सोलह सिंगार करके अपनी राधा रानी को मनाने पहुंची थी।

## एक नाबालिग बच्ची को अमानगंज पुलिस ने सूरत से किया दस्तयाब

**अमानगंज।**

पन्ना जिले के अमानगंज नगर के वार्ड क्रमांक 15 अधरखुआं से एक नाबालिक बच्ची अचानक गायब हो गई जिसकी सूचना उसके परिजनों द्वारा अमानगंज पुलिस थाने में दर्ज कराई और पुलिस ने धारा 363 का मामला दर्ज करते हुए मुस्कान अभियान के अंतर्गत अपनी खोजबीन आरंभ कर दी और पुलिस को 10 दिन बाद यह सफलता हाथ लगी बच्ची सूरत गुजरात से पुलिस ने दास्तयाव करके लाई इसके पहले तो और नाबालिक बच्चियों को अमानगंज पुलिस दस्तयाव करने में सफल रही थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री और उनकी टीम के साथ मोबाइल क्राइम ब्रांच का विशेष सहयोग देखा गया बच्ची के मिलने पर परिजनों के चेहरों पर रौनक लोटी बच्ची चौधरी परिवार से थी जिसे उसका ही कोई रिश्तेदार बेहला फुसला कर ले गया था।

### बूथ लेवल अभिकर्ता की नियुक्ति के संबंध में प्रस्तुत करें जानकारी

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं सचिव से बूथ लेवल अभिकर्ता की तत्काल नियुक्ति कर जानकारी से अवगत कराने का अनुरोध किया है, जिससे भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधान अनुसार आगामी कार्यवाही की जा सके। विदित हो कि मतदान केन्द्रों के लिए बूथ लेवल एजेन्ट की नियुक्ति कर सूची प्रदान करने के संबंध में निरंतर अवगत कराया जा रहा है, लेकिन अब तक किसी भी दल द्वारा नियुक्तियां कर जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में सूची प्रेषित नहीं की गई है, जिसके दृष्टिगत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार पुनः संबंधितजनों को बीएलए 1 एवं बीएलए 2 की नियुक्ति अतिशीघ्र करने के साथ ही अन्य वांछित जानकारी व विवरण अतिशीघ्र उपलब्ध कराने के संबंध में सूचित किया गया है।

## एडिशनल एसपी वंदना सिंह चौहान ने कॉलेज ग्राउंड पहुंच कर किया निरीक्षण, सीएम के कार्यक्रम को लेकर देखी व्यवस्थाएं




**अमानगंज।** आज दिनांक 31 अगस्त दिन रविवार की दोपहर लगभग 2रू00 बजे एडिशनल एसपी वंदना सिंह द्वारा अमानगंज कॉलेज ग्राउंड पहुंचकर ग्राउंड का निरीक्षण किया। एडिशनल एसपी ने हेलीपैड वाली जगह का भी निरीक्षण कर यथा उचित निर्देश दिए। इस दौरान उपस्थित थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री एवं कनिष्ठ अभियंता से भी चर्चा की साथ ही विद्युत सप्लाई को लेकर बात रखी गई, वहीं ग्राउंड के साफ-सफाई एवं ग्राउंड के चारों ओर पानी निकासी को लेकर व्यवस्था बनाए जाने की बात एडिशनल एसपी द्वारा कही ।एडिशनल एसपी वंदना सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सितंबर माह के पहले सप्ताह को अमानगंज आ रहे हैं जिसको लेकर व्यवस्थाएं की जा रही है एवं एडिशनल एसपी ने कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा चारों ओर बेरीकेटिंग की जाएगी। वहीं एडिशनल एसपी द्वारा अमानगंज के खेल ग्राउंड का भी निरीक्षण किया ताकि यदि किसी प्रकार का व्यवधान होने पर कार्यक्रम को अन्यत्र जगह स्थापित भी किया जा सकता है। खेल ग्राउंड का निरीक्षण करने के बाद एडिशनल एसपी वंदना चौहान ने थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री के साथ बाईपास पर पहुंचकर आने जाने वाले वाहनों के रूट को लेकर भी चर्चा की।

## वीरांगना अवंती बाई जयंती समारोह पवई विधानसभा के मुराछ में सम्पन्न

**साध्वी सुश्री रामसिया भारती जी मुख्य अतिथि के रूप में हुई शामिल**

**पन्ना।**



जिले के पवई विधानसभा अंतर्गत ग्राम मुराछ में अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई लोधी जी का जन्म उत्सव समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। सन 1857 की क्रांति में देश की आजादी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध लड़ते हुए प्राणों की आहुति देने वाली अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई लोधी जयंती के उपलक्ष में 31 अगस्त 2025 को विधायक सुश्री रामसिया भारती ने दिया संदेश मुख्य अतिथि ने वीरांगना अवंती बाई लोधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए लोधी समाज के साथ-साथ उपस्थित सर्व समाज के लोगों को वीरांगना अवंती बाई लोधी जी के पद चिन्हों पर चलने का संदेश देने के साथ शिक्षा को महत्व दिया। आगे बढ़ने के लिए शिक्षा जरूरी है शिक्षा हमें आगे बढाती है और धर्म सही मार्ग दिखाता है, इसलिए अपने बच्चों की शिक्षा में कोई कमी न रखें। उन्होंने युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई उन्होंने अंत में नशा को दूर करने की सलाह देते हुए कहा कि विगत कुछ समय से नशा दिन दोगुना और रात चौगुना बढ़ रहा है नशा नाश की जड़ है उन्होंने कहा कि जैसे महुआ के पेड़ में जब फूल आते हैं तो उसके पत्ते झड़ जाते हैं इसी प्रकार परिवार का एक व्यक्ति नशे की लत में फंसता है तो पूरा परिवार बिखर सकता है इसलिए अपने परिवार की सुरक्षा एवं शांति के लिए और समाज में एकता और भाईचारा के लिए नशा को त्यागना आवश्यक है। कार्यक्रम में सम्बोधन केसरी सिंह लोधी, पवई विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी गिरधारी लाल लोधी जी, राम शिरोमणि सिंह लोधी दिया सरपंच, कमलेश पटेल पूर्व लोकसभा प्रत्याशी खजुराहो संसदीय क्षेत्र, नंदकिशोर पटेल इंजीनियर जीवनलाल सिद्धार्थ, सेवालाल पटेल जी, शीशमन लोधी सांसद प्रतिनिधि सतना, अजय बुंदेला पूर्व जनपद अध्यक्ष पवई, अवधेश यादव जी कमल सिंह राजपूत रामसेवक बेटा श्री राम लोधी जी प्रहलाद यादव जी, भूपत सिंह जी सहित अन्य लोगों ने संबोधित करते हुए उनके पद चिन्ह पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन गोविंद सिंह लोधी एवं प्रदीप पटेल द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

## गुनौर विधायक ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**पन्ना।**





गुनौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने रविवार को ग्राम पंचायत कोट खमरिया में 20 लाख रूपए लागत के सीसी रोड का लोकार्पण एवं 11 लाख 20 हजार रूपए लागत के आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर ग्रामवासियों को बड़ी सौगात प्रदान की। इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्रीयजनों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. वर्मा ने कहा कि जनता के सहयोग से विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहकर आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण का प्रयास किया जाएगा। गरीब एवं वंचित वर्ग के लोगों को ईमानदारी के साथ शासकीय योजनाओं व सुविधाओं का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में एवं शासन की मंशानुरूप सभी विकास कार्यों को क्रियान्वित कराने के साथ ही प्रशासन के माध्यम से जनकल्याण के कार्य भी कराए जाएंगे। गुणवत्तायुक्त पक्की सड़कों के साथ ही बुनियादी आवश्यकताओं पर ध्यान केन्द्रित कर क्षेत्र की विकास योजना तैयार की जाएगी। इससे नागरिकों के जीवन स्तर में बदलाव और खुशहाली आएगी। विधायक डॉ. वर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी बनने से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ स्थानीय स्तर पर टीकाकरण की सुविधा भी उपलब्ध होगी। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष तुलसी बाई, जपं सदस्य ममता बाई एवं सरपंच आशा यादव भी उपस्थित रहीं।

## तीन दिवसीय खेल गतिविधियों का समापन

### कलेक्टर के नेतृत्व में छत्रसाल पार्क से निकाली गई साईकिल रैली



**पन्ना।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया था। रविवार को सुबह संडे ऑन साईकिल रैली के साथ इसका समापन हुआ। इस अवसर पर नगर के छत्रसाल पार्क से कलेक्टर सुरेश कुमार के नेतृत्व में साईकिल रैली निकाली गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं पर्वतारोही तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की ब्राण्ड एम्बेस्डर गौरी अरजरिया भी उपस्थित रहीं। एसडीओपी एवं जिला खेल व युवा कल्याण अधिकारी शिवप्रताप सिंह बघेल ने छत्रसाल पार्क से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संडे ऑन साईकिल रैली कोतवाली चौक, गांधी चौक, महेन्द्र भवन, अजयगढ़ चौराहा, बड़ा बाजार, बल्देव चौक से होते हुए वापस छत्रसाल पार्क में समाप्त हुई। रैली समापन के बाद 29 एवं 30 अगस्त को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी खिलाड़ियों को शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर को स्मृति चिन्ह तथा विशिष्ट अतिथि पर्वतारोहणी गौरी अरजरिया को शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों सहित खेल संघों के प्रतिनिधि, क्रीड़ा अधिकारी एवं खेल प्रशिक्षक भी उपस्थित रहे।

## कलाकारों की भाव-भंगिमाएं और मुरली की मधुर तान ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया

**पन्ना के श्रीजुगल किशोर मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय रासलीला समारोह**





**पन्ना।** संस्कृति संचालनालय भोपाल एवं जिला प्रशासन पन्ना के सहयोग से 27 से 31 अगस्त, 2025 तक राधाष्टमी के अवसर पर श्रीजुगल किशोर मंदिर प्रांगण, पन्ना में पाँच दिवसीय श्रासलीला समारोहश का आयोजन किया गाय है। समारोह में प्रतिदिवस रासलीला, भक्ति गायन एवं प्रदेश के स्थानीय लोक एवं जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुति का संयोजन किया गया है। समारोह के चौथे दिन पूर्वरंग अंतर्गत शैलेंद्र सिसोदिया एवं साथी, टीकमगढ़ द्वारा मोनिया नृत्य और अकांक्षा राजपूत एवं साथी, दतिया द्वारा बधाई नृत्य की प्रस्तुति दी गई। शैलेंद्र सिसोदिया एवं साथी, टीकमगढ़ द्वारा मोनिया नृत्य प्रस्तुत किया गया। बुंदेलखंड अपने आप में बहुत से लोकनृत्य और लोकसंगीतों को संजोए हुए है। इन्हीं में से एक है मोनिया नृत्य। बुंदेलखंड का यह लोकनृत्य कार्तिक माह में अमावस्या से पूर्णिमा तक नृत्य किया जाता है। ग्वाला समुदाय अपने पशुओं को सजाते हैं और उनकी पूजा करते हैं। मुख्यतः ग्वाला समुदाय का नृत्य है मोनिया। छोटे बच्चे कृष्ण का रूप धर कर हाथ में लाठी लेकर घर-घर जाते हैं और बांसुरी की लय, ढोलक की थाप पर विभिन्न हस्त पद संचालन के साथ नृत्य करते हैं और अन्न प्रसादी प्राप्त करते हैं। बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ यह नृत्य किया जाता है। गांवों में छोटी छोटी टोली बनाकर यह नृत्य किया जाता है। अकांक्षा राजपूत एवं साथी, दतिया द्वारा बधाई नृत्य की प्रस्तुति दी गई। बुन्देलखण्ड अंचल में जन्म विवाह और तीज-त्यौहारों पर बधाई नृत्य किया जाता है। मनौती पूरी हो जाने पर देवी-देवताओं के द्वार पर बधाई नृत्य होता है। इस नृत्य में स्त्रियाँ और पुरुष दोनों ही उमंग से भरकर नृत्य करते हैं। बूढ़ी स्त्रियाँ कुटुम्ब में नाती-पोतों के जन्म पर अपने वंश की वृद्धि के हर्ष से भरकर घर के आंगन में बधाई नाचने लगते हैं। नेग-न्यौछावर बांटती हैं। मंच पर जब बधाई नृत्य समूह के रूप में प्रस्तुत होता है, तो इसमें गीत भी गाये जाते हैं। बधाई के नर्तक, चेहरे के उल्लास, पद संचालन, देह की लचक और रंगारंग वेशभूषा से दर्शकों का मन मोह लेते हैं। इस नृत्य में ढपला, टिमकी, रमतूला और बांसुरी आदि वाद्य प्रयुक्त होते हैं। अगले क्रम में श्री माधव आचार्य एवं साथी-मथुरा के निर्देशन में रासलीला की प्रस्तुति दी गई। जिसमें कलाकारों ने बरसाने की लीलाएं मंचित कीं। श्रीकृष्ण और राधा रानी की प्रेम लीलाओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे कलाकारों की भाव-भंगिमाएं और मुरली की मधुर तान ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। लठ्ठमार लीला, जो बरसाने की अनोखी परंपरा है। निर्देशक ने बताया कि "यह केवल नाट्य नहीं, आत्मा की अनुभूति है। बरसाना की हर गली में राधा रानी की लीला बसी है। बरसाना की लीलाएं न केवल आध्यात्मिक आनंद देती हैं, बल्कि सांस्कृतिक जड़ों से भी जोड़ती हैं। रासलीला के कार्यक्रम में श्रद्धालुगण सहित बड़ी संख्या में नगरवासी भी उपस्थित रहे। संचालन राजकुमार वर्मा द्वारा किया गया।

## आदि कर्मयोगी तत्परता के साथ दायित्वों का करें निर्वहन

### कलेक्टर ने विकासखंड स्तरीय मॉस्टर ट्रेनर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का किया शुभारंभ



**पन्ना।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार आदिवासी समुदाय के व्यक्तियों को पात्रतानुसार सरकारी योजनाओं के लाभ से लाभांवित करने और विकास की मुख्यधारा में शामिल करने के उद्देश्य से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत महत्वपूर्ण पहल की गई है, जिसके तहत चयनित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर आदि कर्मयोगी बनाने की शुरूआत हुई है। इस क्रम में विभागवार चयनित जिला स्तरीय मास्टर टेनर्स के भोपाल में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के उपरांत जिला मुख्यालय पर ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन भी किया जा चुका है। अब विकासखंड स्तरीय पांच-पांच मॉस्टर टेनर्स को तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

इसके उपरांत ब्लॉक लेवल के मॉस्टर टेनर्स द्वारा प्रत्येक विकासखंड में संबंधित एसडीएम एवं जनपद पंचायत सीईओ के समन्वय से ग्राम पंचायतवार विभाग के आदि कर्मयोगियों का उन्मुखीकरण कर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके जरिए निचले स्तर तक निर्धारित गतिविधियों का क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सकेगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने अभियान के रिस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम के तहत शनिवार को शहर के एक निजी होटल में ब्लॉक स्तरीय मॉस्टर टेनर्स के तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी विकासखंड से चयनित 25 मॉस्टर टेनर्स एवं आदि कर्मयोगियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं तथा आम नागरिकों तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए चयन एवं विश्वास पर खरा उतरने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि वंचित तबके के लोगों के लिए बेहतर कार्य करें। आदि कर्मयोगियों द्वारा तत्परता के साथ आगे बढ़कर वंचित वर्ग को लाभ दिलाया जाए और इनके आर्थिक, सामाजिक, स्वास्थ्य और शिक्षा इत्यादि क्षेत्र में उन्नति के पुण्य कार्य में सहभागी बनें। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में गत जून माह में 15 से 30 तारीख तक आयोजित शिविरों के दौरान 108 आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में सेचुरेशन से शेष रहे लोगों तक प्राथमिकता से सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। आदिवासी समुदाय के व्यक्तियों को अन्य विभाग भी अपनी योजनाओं से लाभांवित करने का प्रयत्न करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशानुरूप समाज के अग्रणी व्यक्ति भी वांछित सहयोग प्रदान कर संपूर्णता लाने में अपना योगदान दें, जिससे सुगमतापूर्वक प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, राशन कार्ड सहित बैंक की वित्तीय सेवाओं और अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक समय सीमा में पहुंचे। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि आदि कर्मयोगी विशिष्ट सेवा भाव के साथ जरूरतमंद व्यक्ति की पहचान कर सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ दायित्व निर्वहन करें। ब्लॉक मॉस्टर टेनर्स के डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब (डीपीएल) के शुभारंभ पर उन्होंने कहा कि आगामी 15 सितम्बर के पूर्व ग्राम एवं क्लस्टर स्तर तक आदि कर्मयोगियों का समर्पित वर्ग तैयार किया जाना है। इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य विशिष्ट क्षेत्र में कार्यरत जनजातीय समाज के व्यक्तियों को भी आदि सहयोगी के रूप में चिन्हित किया जाए। ग्राम स्तर पर आदिवासी समुदाय के व्यक्तियों की आदि साथी के रूप में नियुक्ति और आदि सेवा केन्द्र शुरू होने के बारे में भी अवगत कराया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने अपने संबोधन में मॉस्टर टेनर्स से कहा कि राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी अनुरूप ब्लॉक स्तरीय मॉस्टर टेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। प्रशिक्षण में रोचक गतिविधियों के माध्यम से अभियान के उद्देश्यों एवं क्रियान्वयन की जानकारी दें। इसके उपरांत ग्राम स्तर तक शासन की मंशा एवं नीति अनुरूप गतिविधियों का क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। जिला संयोजक जयप्रताप भदौरिया ने प्रशिक्षण एवं ओरिएंटेशन प्रोग्राम की रूपरेखा से अवगत कराया। साथ ही अभियान के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की। सात विभागों के जिला स्तरीय मॉस्टर टेनर्स द्वारा परिचय प्रदान कर प्रशिक्षण की गतिविधियां संपादित कराई गईं। कार्यक्रम में जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ अशोक कुमार चतुर्वेदी एवं परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार भी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### जंगल की कुटिया में महिला ने लगाई फांसी, पति से झगड़े के बाद घर से निकली थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

जिले के सिंग्रामपुर चौकी क्षेत्र में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात एक महिला ने जंगल में खेतिहर भूमि पर बनी कुटिया में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, धनेटा रोड पर जंगल के बीच स्थित एक खेत में बनी कुटिया में करीब रात एक बजे महिला का शव फंदे पर लटका मिला। कोटवार ने तुरंत सिग्रामपुर पुलिस चौकी को सूचना दी, जिसके बाद चौकी प्रभारी राजीव पुरोहित टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जबेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शव गृह में सुरक्षित रखवाया। पुलिस ने शिनाख्त के लिए मृतका की तस्वीर सोशल मीडिया और थानों में सर्कुलेट कराई। शनिवार दोपहर करीब 1:30 बजे पास के गांव के रिश्तेदारों ने महिला की पहचान सुनीता बाई (पति छोटेलाल अहीरवार), उम्र 34 वर्ष, निवासी पड़रिया कटंगी के रूप में की। परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि घटना वाले दिन महिला का अपने पति से विवाद हुआ था, जिसके बाद वह घर से निकल गई थी। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार को मृतका को गुबरा और सिग्रामपुर क्षेत्र में घूमते हुए देखा गया था। इससे यह सवाल उठ रहा है कि महिला अपने गांव से करीब 10 से 12 किलोमीटर दूर स्थित उस कुटिया तक कैसे पहुंची। पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। चौकी प्रभारी का कहना है कि पीएम रिपोर्ट और मृतका के मायके पक्ष के बयानों के आधार पर आगे की जांच की जा रही है। फिलहाल, मृतका के पति और ससुराल पक्ष की ओर से किसी तरह की आशंका या आरोप नहीं लगाए गए हैं।मृतिका की एक 12 साल का लड़का एवं 10 साल की बच्ची है जिन्हें घर में ही छोड़कर मृतिका घर से निकली थी।

### सिंग्रामपुर में 5 फीट का मगरमच्छ, बछड़े और बकरी को बनाया शिकार

**सिंग्रामपुर।** सिंग्रामपुर क्षेत्र के ककहरा कॉलोनी में रहवासी इलाके के बीच बने तालाब में पिछले कई महीनों से डेरा जमाए पांच फीट लंबे मगरमच्छ ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। मगरमच्छ अब तक गाय के बछड़े और एक बकरी को शिकार बना चुका है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीण गंगाराम रजक ने बताया कि उनकी पांच बकरियों में से एक बकरी पानी पीने गई थी, तभी मगरमच्छ ने हमला कर उसे पानी में खींच लिया। उन्होंने बताया कि यह तालाब कॉलोनी से महज 50 मीटर की दूरी पर है, जहां बच्चे रोज खेलते हैं और लोग निस्तार के लिए पानी का उपयोग करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मगरमच्छ की मौजूदगी की जानकारी महीनों पहले वन विभाग को दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। हमले के बाद ही वन विभाग ने पिंजरे लगाए हैं, जिससे विभाग की लापरवाही उजागर हो गई है। वन विभाग के रेंजर मनीष पटेल ने बताया कि सूचना मिलने के बाद टीम को मौके पर भेजा गया है और पिंजरा लगाया गया है। मगरमच्छ की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है और ग्रामीणों से तालाब और नदी के पास न जाने की अपील की गई है। जानकारों का कहना है कि सिंगौरगढ़ जलाशय से छोड़े गए मगरमच्छ नदी-नालों के जरिए रहवासी इलाकों तक पहुंच रहे हैं। इससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है और लोग अब बच्चों को बाहर खेलने तक नहीं भेज रहे हैं।

### थाना प्रभारी ने किया नदी घाट का निरीक्षण

**अमानगंज।** आगामी त्योहारों के दृष्टिगत थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री ने शनिवार को नगर स्थित नदी घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट पर सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा विश्राजन की तैयारियों का जायजा लिया और विसर्जन के लिए हाइड्रा कि भी व्यवस्था की जाएगी।

इस दौरान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर उन्होंने व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने घाट पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग और प्रकाश व्यवस्था का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



राज्यमंत्री के क्षेत्र में खुली स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल

# प्रसूता को नहीं मिली एंबुलेंस, हाथठेले पर पहुंची अस्पताल

चंदला।

राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार के गृह क्षेत्र चंदला विधानसभा की स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाल स्थिति उस समय उजागर हुई, जब एक गर्भवती महिला को एंबुलेंस नहीं मिली और उसे हाथठेले पर लिटाकर ऊबड़-खाबड़ रास्तों से अस्पताल ले जाया गया। इतना ही नहीं, अस्पताल पहुंचने पर स्टाफ की अनुपस्थिति का हवाला देकर उसे सुबह 8 बजे के बाद आने को कहा गया। यह पूरा वाक्या तब हुआ, जब जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री जिले में मेडिकल सुविधाओं के विस्तार देने की बातें कर रहे थे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शनिवार को छतरपुर दौरे पर आए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंच से मेडिकल कॉलेज में अस्पताल बनाए जाने की घोषणा कर रहे थे, उसी समय चंदला के वार्ड नंबर 4 की रहने वाली गर्भवती प्रियंका को प्रसव पीड़ा शुरु हुई। प्रियंका के पति ने बताया कि प्रसव पीड़ा शुरू होने पर उन्होंने 108 एंबुलेंस सेवा को फोन किया, लेकिन एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंची। मजबूरी में कोई अन्य वाहन उपलब्ध न होने के कारण परिजनों ने प्रियंका को हाथठेले पर लिटाकर ऊबड़-खाबड़ रास्तों से अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में मौजूद कर्मचारी ने संवेदनहीनता दिखाते हुए स्टाफ के न होने का हवाला देकर सुबह 8 बजे के बाद आने के लिए कह दिया। इस घटना ने क्षेत्र की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को उजागर किया है। चंदला क्षेत्र, जो जिले को करोड़ों का राजस्व देता है, वहां के नागरिकों को आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है।

## बारिश से उमस भरी गर्मी से मिली राहत, हाट-बाजार में भरा पानी



छतरपुर।

रविवार की शाम छतरपुर जिले में एक बार फिर जोरदार बारिश हुई। शाम करीब 4 बजे से शुरू हुई बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से तो राहत दिलाई, लेकिन वहीं दूसरी जिला मुख्यालय के मेलाग्राउंड में लगने वाले हाट-बाजार में पानी भर जाने से सब्जी विक्रेताओं की दुकानदारी प्रभावित हुई। शाम को सब्जी खरीदने आने वाले लोग बारिश के कारण बाजार नहीं पहुंच सके, जिससे दुकानदार मायूस नजर आए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुरुआत हल्की बारिश से हुई लेकिन 5 बजे के बाद घने काले बादल छा गए और इसी के साथ तेज बारिश होने लगी। नजारा कुछ ऐसा था कि मनो शाम 5 बजे ही रात हो गई हो। यह बारिश देर शाम तक जारी रही और शहर के कई भीतरी इलाकों की सड़कें जलमग्न हो गई।

### जिले में हो चुकी है औसत से 4 इंच अधिक बारिश -

उल्लेखनीय है कि छतरपुर जिले की औसत वार्षिक बारिश 42.3 इंच है, जबकि इस वर्ष 31 अगस्त 2025 तक जिले में कुल 46.4 इंच यानि की लगभग 4 इंच अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है। गत वर्ष के आंकड़े पर नजर डालें तो पिछले साल की समान अवधि में अब तक सिर्फ 28.2 इंच बारिश ही हुई थी। इस मानसून सीजन (1 जून से 31 अगस्त 2025) तक छतरपुर में 56.1 इंच, लवकुशनगर में 34 इंच, बिजावर में 54.5 इंच, नौगांव में 54.7 इंच, राजनगर में 41.4 इंच, गौरिहार में 44.4 इंच, बड़ामलहरा में 54.5 इंच और बकस्वाहा में 31.1 इंच बारिश हुई है।

## छत पर सो रहे किशोर को सांप ने काटा, मौत



**छतरपुर।** जिले के पिपट थाना क्षेत्र में एक किशोर की सर्पदंश से दुखद मृत्यु हो गई। रविवार सुबह घर की छत पर सो रहे 17 वर्षीय किशोर को सांप ने काट लिया, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपट थाना क्षेत्र के ग्राम डारगुवां निवासी कमल पुत्र मनोज रैकवार उम्र 17 वर्ष, सुबह 8 बजे अपने घर की छत पर सो रहा था, तभी एक सांप ने उसे काट लिया। सर्पदंश के बाद कमल की हालत तेजी से बिगड़ने लगी। परिजनों ने तुरंत उसे छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल में भेज दिया है। इस घटना से परिवार में शोक की लहर छा गई है, और गांव में मातम का माहौल है।

## सात माह में तीसरी बार सर्पदंश का शिकार हुई महिला

छतरपुर।



जिले के सटई थाना क्षेत्र में एक महिला को विगत सात महीने में तीसरी बार सांप द्वारा काटे जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बीते रोज तीसरी पर सर्पदंश का शिकार होने के बाद महिला को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सटई थाना क्षेत्र के ग्राम पड़रिया की रहने वाली नीतू पत्नी बालचंद्र पाल, दोपहर में अपने घर पर भैंसों को चारा डाल रही थीं, तभी सांप ने उसे काट लिया। नीतू ने अपने पति को जानकारी दी तो वह तुरंत झाड़-फूंक के लिए ग्राम सिमरधा लेकर गया। हालांकि हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे जल्दी ही छतरपुर जिला अस्पताल ले आए, जहां नीतू का उपचार चल रहा है। परिजनों ने बताया कि पिछले सात महीने में तीसरी बार है, जब नीतू को सांप ने काटा है। हालांकि इस बार उसकी हालत अधिक गंभीर है, जिससे पूरा परिवार चिंता में डूबा हुआ है।

## सेल्फी नहीं अब सब्जी ले सकेंगे, सेल्फी पॉइंट पर लगने लगी सब्जी मंडी, नगर पालिका मौन

नौगांव।



नौगांव नगरपालिका द्वारा तहसील कार्यालय के सामने लाखों रुपए की लागत से शहर में सौन्द्रयीकरण कराया गया था। इसमें एक सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया था जहां युवा सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ले सकें और दूर दूर तक एक व्यवस्थित शहर के रूप में नौगांव नगर का नाम हो और एक अलग पहचान मिले।

मगर नौगांव नगरपालिका की कार्यप्रणाली के चलते जो सौंदर्यीकरण कराया गया जिसमें लाल पत्थर से निर्मित चबूतरे बने थे। अब उन चबूतरों पर सब्जी संचालक सब्जी की बड़ी बड़ी दुकानें लगाए नजर आ सकते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपालिका परिषद नौगांव द्वारा लगभग चार-पांच वर्ष पूर्व नगर में लाखों रुपए की लागत से सौंदर्यकरण कराया गया था। जहां सेल्फी पॉइंट का भी निर्माण किया गया था। इसका मकसद था कि नौगांव नगर के जो भी नागरिक हैं या जो युवा वर्ग है वह भी बड़े बड़े महानगरों की तरह नौगांव शहर में भी अपने शहर की सेल्फी ले सकें। इसका टाइटल था हमारा नौगांव। अब ऐसा लगता है जैसे नौगांव नगरपालिका ने सब्जी बालों से कह दिया हो कि अब हमारा नहीं सब्जी बालों का नौगांव। नौगांव शहर सभी शहरवासियों का है लेकिन इसका यह कतई मतलब नहीं कि नगर में जगह जगह कहीं भी दुकानें लगाते रहो। कहीं भी अतिक्रमण करते रहो। अब देखना है नौगांव नगरपालिका इस मामले में क्या कदम उठाती है।

### पहले से सुव्यवस्थित सब्जी मंडी फिर भी जगह जगह दुकानें -

नगर में पूर्व से सब्जी मंडी बनी है मगर यह सब्जी की दुकानें कभी सड़क किनारे तो कभी चौराहों पर लगाई जाती हैं जिससे आम लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

मैन सब्जी मंडी गल्ला मंडी में संचालित, ईशानगर चौराहा, डाकखाना चौराहा, नगरपालिका चौराहा, वीरेंद्र कॉलोनी चौराहा, पिपरी रोड, तहसील कार्यालय के पास सहित लगभग आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर लगाई जा रही है

### इनका कहना है -

आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है हम देखते हैं जो भी उचित होगा वैसी कार्यवाही की जाएगी।

**आर एस अवस्थी**
सीएमओ नगरपालिका नौगांव

राधा अष्टमी पर लोगों ने की गौवंश की सेवा

## गांधी आश्रम में हुआ कार्यक्रम गौ संरक्षण का लिया संकल्प



**छतरपुर।** शहर के गांधी आश्रम में रविवार को राधा अष्टमी पर्व पर गौ माता के प्रति प्रेम और सेवा भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। इस आयोजन में बड़ी संख्या में गौ प्रेमियों ने हिस्सा लिया और गौ संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। गांधी आश्रम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गौ माता के प्रति समर्पण और सेवा भाव को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया। गांधी आश्रम की सचिव दमयंती पाणी के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में दोपहर साढ़े 12 बजे से विभिन्न गतिविधियां हुईं। जिनमें गौ माता के संरक्षण और सेवा से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई तथा आश्रम की देशज गौशाला में लोगों ने गायों को अपने हाथों से भोजन कराकर सेवा की। आयोजन में शामिल गौ प्रेमियों ने गौ माता के प्रति अपनी निष्ठा और सेवा भाव को व्यक्त किया। दमयंती पाणी ने बताया कि देशज गौशाला में 2006 में केवल तीन गायों से शुरू हुआ सफर 2025 में बढ़कर लगभग 60 गायों तक पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि गत 26 जुलाई से शुरू की गई गौ-सेवा मुहिम में विभिन्न समाजों लगभग 5 सैकड़ा लोगों ने आर्थिक मदद की है, जिससे गायों के भोजन और देखभाल की व्यवस्था को मजबूती मिली है। दमयंती पाणी ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन गौ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सामूहिक प्रयासों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## सीसीटीवी में कैद हुई भैंस चोरी की वारदात



गेट तोड़कर भैंस ले गए चोर, पुलिस के पास पहुंचा पीड़ित

**छतरपुर।** शहर के ओरछा रोड थाना क्षेत्र से भैंस चोरी की वारदात सामने आई है। यह वारदात घटना स्थल के पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे पता चला कि देर रात दो चोरों ने बाड़े का गेट तोड़कर भैंस चोरी की है। पीड़ित पशुपालक ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक ओरछा रोड थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर एक, नारायणपुरा रोड, सिद्धेश्वर मंदिर के पीछे रहने वाले रत्नेश सिंह चौहान के बाड़े में शनिवार देर रात दो अज्ञात चोरों ने सेंधमारी की। सीसीटीवी फुटेज में दोनों चोर पहले बाड़े का गेट तोड़ते हुए तथा बाद में भैंस ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। रत्नेश ने ओरछा रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई और पुलिस से चोरों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## 62 साल आयु पूर्ण कर चुके बिजली विभाग के कर्मचारी हुए सेवा निवृत्त

**नौगांव।** नगर में विद्युत विभाग ग्रामीण में पदस्थ कर्मचारी 62 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके हुए सेवा निवृत्त। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के बापू महाविद्यालय चौराहा पर स्थित विद्युत विभाग (ग्रामीण) में अपनी सेवाएं दे चुके कर्मचारी लखचन्द्र यादव सेवा निवृत्त हो गए। इस मौके पर लखचन्द्र यादव के सगे संबंधी एवं विभाग के लोग मौजूद रहे। बताया गया है कि लखचन्द्र यादव गर्रोली ग्रामीण क्षेत्र में पिछले काफी वर्षों से पदस्थ थे जहां उन्होंने लगभग 44 वर्षों का कार्यकाल पूरा किया। इस मौके पर उनके रिश्तेदार, संबंधी, व्यवहारी और परिचित के लोग जिनमें संयोग दुबे गोलू, मंगल सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे जहां उन्हें खुशी खुशी विदाई दी गई।

## लवकुशनगर में विकासखंड स्तरीय समन्वय बैठक का आयोजन

लवकुशनगर।

विकासखंड स्तरीय समन्वय बैठक ( ब्लॉक लेवल वर्कशॉप) कार्यक्रम का आयोजन प्रदान संस्था के द्वारा किया गया जिसमें 42 पंचायतों के सरपंच सचिव और रोजगार सहायक भाग लिया गया। ये एचडीएफसी बैंक परिवर्तन “वाटर परियोजना “के तहत समन्वय बैठक का आयोजन था जिसमें प्रदान संस्था के द्वारा उन्नत कृषि हेतु सब्जी उत्पादन और जैविक खाद्य की जानकारी, जल एवं मृदा संरक्षण, उसके फायदे एवं उपयोग के बारे में बताया गया। साथ ही किसान दीदियों के द्वारा किए गए कार्यों और आय को किस तरह बढ़ाया जा सकता है उस पर चर्चा की गई। बकरी पालन एवं उनके रख रखाव के बारे में दीदियों के द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीईओ हरीश केशरवानी, एपीओ अमित खरे, आत्मा परियोजना से राजवीर, उद्यानिकी विभाग से राजपूत और प्रदान संस्था से सोनू, दुर्गेश उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत सरपंच सचिव के द्वारा ग्राम पंचायत डेवलपमेट कार्य योजना में खेत तालाब, बागवानी, बकरी शेड को लेकर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से जैविक खेती, जल संरक्षण , अन्य आजीविका संवर्धन के प्रति जागरूकता बढ़ी और ब्लॉक स्तर में अभिसरण के माध्यम से कार्यों को आगे ले जाने का निर्णय लिया गया जिनमें Knowledge Partner के रूप में प्रदान की टीम सहयोग करेंगे। जिसमें INRM एक्सपर्ट कृष्णाकुमार चौबे, बीरेंद्र मिश्रा और आशीष तिवारी रहे।

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में कड़ी सुरक्षा के बीच कट गई लोगों की जेब...! भाजपा नेता, यादव समाज के शहर अध्यक्ष सहित कई लोग बने चोरों का शिकार

छतरपुर।

बीते रोज जिला मुख्यालय के मेलाग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में एक ओर लोग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मुख्यमंत्री के भाषण को सुनने में व्यस्त थे, तो वहीं दूसरी ओर चोरों का गिरोह लोगों की जेब काटने में लगा हुआ था। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद जेब कटने तथा पैसे और महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी होने की कई शिकायतें सामने आई हैं।

भाजपा नेता पुरुषोत्तम शिवहरे ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान अज्ञात चोर ने उनकी जेब से 11 हजार रुपए चोरी कर लिए। इसी तरह यादव समाज के शहर अध्यक्ष मुन्ना यादव ने बताया कि उनकी जेब से अज्ञात चोर ने पूरा पर्स चोरी कर लिया, जिसमें 8 हजार 200 रुपए के अलावा कई महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। एक अन्य युवक देवराज परमार ने बताया कि उनका भी पर्स चोरी हुआ है, जिसमें 350 रुपए के अलावा उनके दस्तावेज रखे हुए थे। इसके अलावा ग्रामीण अंचलों से कार्यक्रम में शामिल होने आए कई अन्य लोगों के साथ भी जेब कटने और पैसे चोरी होने की घटनाएं हुई हैं। गौरतलब है कि कार्यक्रम में सीएम की उपस्थिति के चलते सैकड़ों की संख्या में सुरक्षाकर्मी और पुलिस विभाग के आला अधिकारी स्वयं सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे थे, बावजूद इसके दर्जनों लोगों की जेब कट जाना कई तरह के सवाल खड़े कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे बंदी की मौत

**रीवा।** जिले के केंद्रीय जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे बंदी की उपचार के दौरान संजय गांधी अस्पताल में मौत हो गई। बंदी को स्वास्थ्य परेशानी के बाद उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया था। जेल पुलिस ने पीएम पंचनामा कार्रवाई कर शव का पीएम करा परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। बताया गया कि अनूपपुर जिले के चचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत बरहा टोला निवासी जगदीप सिंह गौड़ वर्ष 2019 से अनूपपुर जेल में बंद था जिसे वर्ष 2022 में रीवा केंद्रीय जेल ट्रांसफर कर भेजा गया था। बताया गया कि आजीवन कारावास की सजा काट रहे बंदी जगदीप सिंह की तबीयत बिगडऩे के कारण बीते 28 अगस्त को उसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है। बंदी के मौत की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे जिसके बाद कागजी कार्रवाई कर मृतक के शव को पीएम के बाद सौप दिया गया है।

### जिले में अब तक 915.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज, रीठी में सबसे ज्यादा

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शनिवार 30 अगस्ता तक कुल 915.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1211.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 893.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 2.4 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 995.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1211.8 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 857 मिलीमीटर, बरही तहसील में 820 मिमी और विजयराघवगढ़ तहसील में 808.8 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 798.7 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1009.9 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 820.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### पेंशन योजनाओं का लाभ लेने हेतु ई-केवायसी अनिवार्य

**कटनी।** सामाजिक न्या य एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत संचालित समस्त5 पेंशन योजनाओं में पेंशन हितग्राहियों की ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। यह निर्णय पेंशन योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा अपात्र हितग्राहियों को हटाने के उद्देश्य से लिया गया है। इसी क्रम में राज्य शासन के निर्देश पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने नगर पालिक निगम, जनपद पंचायतों और नगर परिषदों के अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर ई-केवायसी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। निर्धारित तिथि तक ई-केवायसी नहीं कराने वाले हितग्राहियों की पेंशन रोक दी जाएगी। यदि किसी हितग्राही की पेंशन ई-केवायसी न होने के कारण रुकती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित निकाय प्रमुख और सामाजिक सुरक्षा अधिकारी की होगी। इसके अतिरिक्त यदि किसी विशेष कारण से हितग्राही की ई-केवायसी नहीं हो पा रही है, तो उसकी अलग से सूची बनाकर जिला कार्यालय को भेजने का निर्देश भी दिया गया है। पेंशन हितग्राही ग्राम पंचायत/वार्ड कार्यालय, एमपी ऑनलाईन कियोस्का, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) एवं लोक सेवा केन्द्रों पर जाकर अपनी ई-केवायसी करा सकते हैं।

### बाइक सवारों ने तीन लोगों के छीने मोबाइल

**हरिभूमि न्यूज: बरही**

नगर में बदमाशों के हौसलें दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं। चोरी, लूट के बाद राह चलते लोगों से मोबाइल भी छीने जा रहे हैं। बढ़ती वारदातों से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। शुक्रवार की रात करीब 9 बजे सब्जी मंडी के पास से सत्यम कचेर का 1 लाख पांच हजार कीमती मोबाइल छीनकर चंपत हो गए। वहीं नरेश सेन कमानिया गेट में सैलून की दुकान बंद कर घर जा रहा था चलते बाइक से छीन लिए। इसी तरह एक अन्य युवक का मोबाइल छीना गया। अज्ञात बाइक सवार चोरों ने तीन युवकों से मोबाइल छीन लिए और फरार हो गए। घटना के बाद आरोपियों ने उमरिया जिले की सीमा में प्रवेश कर लिया, जिनका पीछा करते हुए बरही पुलिस भी रात में ही मौके पर पहुंच गई।

### सुने आवास में लाखों की चोरी का पर्दाफाश

# शातिर बदमाश गिरफ्तार: आरोपी से 5 लाख रुपये के आभूषण बरामद, सिंगरौली से रीवा ससुराल आकर रह रहा था आरोपी



**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र में मोबाइल कारोबारी के घर हुई लाखों की चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 5 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। मामले में तीन आरोपियों का नाम सामने आया है,जिनमें से दो अभी भी फरार हैं। थाना प्रभारी मनीष उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी मो. वकील उर्फ साहिल खान उर्फ मुर्गा (32) वर्ष को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर जब सख्ती से पूछताछ की गई, तो उसने चोरी की वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। आरोपी की निशानदेही पर चोरी गए आभूषण बरामद कर लिए गए हैं। बता दे फरियादी मोहम्मद आकिब पिता बब्बू खान (27 वर्ष) निवासी गुलाब बाग, कुठुलिया ने थाने में दर्ज कराई शिकायत में बताया था कि 19 अगस्त को वह अपने घर में ताला लगाकर मां के घर घोघर चला गया था। 20 अगस्त को दोपहर जब वह वापस लौटा, तो उसके घर का ताला टूटा हुआ था और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी का लॉकर भी टूटा हुआ था, जिसमें रखे उसकी पत्नी के कीमती सोने-चांदी के जेवरात गायब थे।शिकायत मिलते ही पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय मुखबिर और तकनीकी जांच के आधार पर संदेही मो. वकील को हिरासत में लिया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी वारदात के बाद अपनी ससुराल में फारेस्ट नाका के पीछे, कुठुलिया (बिछिया) क्षेत्र में छिपा हुआ था। वह मूल रूप से बैढ़न, जिला सिंगरौली का निवासी है और पूर्व में भी चोरी, नकबजनी, मारपीट और गुंडागर्दी जैसे आधा दर्जन से अधिक मामलों में नामजद अपराधी है। आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइंस रीवा और थाना बैढ़न (सिंगरौली) में कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। बिछिया पुलिस अन्य दो फरार आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। इसके साथ ही चोरी का बचा हुआ सामान रखने वालों और साक्ष्य मिटाने वालों की भी पुलिस पहचान कर रही है। थाना प्रभारी उपाध्याय ने कहा कि जल्द ही शेष आरोपियों की गिरफ्तारी भी की जाएगी।

# ऋषि परंपरा हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत है - डिप्टी सीएम कश्यप जयंती समारोह में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि ऋषि परंपरा हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत है। यह परंपरा विकास व संस्कृति की संवाहक है। जरूरत इस बात की है कि इसे बचकर रखा जाय और आने वाली पीढ़ी से इससे अवगत कराया जाय। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल कश्यप जयंती समारोह के अवसर पर केशरवानी वैश्य समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋषि परंपरा धर्म के मार्ग पर चलने का मार्ग प्रशस्त करती है। धर्म और अध्यात्म से ही भारत विश्वगुरू बनेगा और संपूर्ण विश्व में शांति स्थापना में अपना योगदान देगा। उन्होंने रीवा के विकास में वैश्य समाज के योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि यह समाज कंधा से कंधा मिलाकर विकास में सहभागी है। रीवा में शांति व अमन चैन के साथ समाज के लोग व्यापार कर रहे हैं और रीवा को उन्नति की ओर ले जाने में अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज से हमारे आत्मीय भाव हैं और जब भी समाज के कार्यक्रम होते हैं मैं यहां उपस्थित होकर अपनत्व का अनुभव करता हूँ। श्री शुक्ला ने अपेक्षा की कि वैश्य समाज का स्नेह व सहयोग हमेशा मिलता रहेगा। उन्होंने समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को पूर्व महापौर ममता गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राजकुमार गुप्ता, शंकरलाल गुप्ता, वंदना गुप्ता, अक्षय गुप्ता, संजय गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे, के.के. गर्ग सहित वैश्य समाज के स्थानीय जन उपस्थित रहे।

## मानसिक विक्षिप्त महिला से दुष्कृत्य करने वाले को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

रीवा।



न्यायालय ने शहर के घोघर मोहल्ले की निवासी विक्षिप्त महिला से दुष्कृत्य करने वाले आरोपी अहमद अंसारी उर्फ बुच्ची को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है तथा 8,000 रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है यह फैसला 13वे अपर सत्र न्यायाधीश अनु सिंह के न्यायालय ने सुनाया।

अभियोजन से मिली जानकारी अनुसार घटना फरवरी से जून 2024 के बीच की है। पीड़िता मानसिक रूप से कमजोर है। वह अपनी मां के साथ रहती थी। मां काम जाती तो उनका रिस्तेदार ही उसकी मानसिक स्थिति का फायदा उठाकर उसे बहला-फुसलाता और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता। इस दौरान युवती गर्भवती हो गई। जब पीड़िता की मां को इस बात का पता चला तो उन्होंने तुरंत थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया। जांच के बाद पुलिस ने न्यायालय में चालान पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी एडवोकेट विकास द्विवेदी ने की। उन्होंने 17 गवाहों के बयान और अन्य साक्ष्यन्यायालय में प्रस्तुत किए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया। न्यायालय ने सजा के साथ यह भी आदेश दिया कि अगर आरोपी अर्थदंड जमा नहीं करता है, तो उसे 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# बिना नजराना दिए कार्यालयों में नहीं दौड़ती हैं फाइलें, राजस्व विभाग में दिख रही सर्वाधिक मनमानी, वहीं हर विभाग में है भर्रेशाही

रीवा।

जिले के कलेक्ट्रेट कार्यालय से लेकर तहसील स्तर तक हर जगह बिना नजराना दिए फाइलें नहीं दौड़ती हैं। आम जनता त्रस्त है लेकिन अधिकारी मस्त हैं। संभागीय मुख्यालय होने के कारण अन्य जिलों के लोग भी पहुंचे है, शिकायत लेकर सुबह से शाम तक कार्यालयो के चक्कर लगाते हैं,इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही नहीं करते हैं। कलेक्टर से लेकर कमिश्नर तक शिकायतें होती हैं फिर भी पहल नहीं होती।जिले से लेकर निचले स्तर तक प्रशासनिक निरंकुशता एवं भ्रष्टाचार से जनता में त्राहि त्राहि मची है।







कोई किसी की सुनने वाला नहीं है। भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारी अभी भी अपने रवैए में तनिक भी बदलाव नहीं ला रहे हैं। कार्य करने का अभी भी वह पुराना तौर तरीका अपनाए हुए हैं जो जनहित के अनुकूल नहीं प्रतिकूल है। अधिकांश अधिकारी कर्मचारी तो जिला मुख्यालय से अप डाउन कर रहे हैं। जिला मुख्यालय से जाने वाले कार्यालय खुलने के समय कैसे पहुंच सकते हैं इसका अंदाजा सहज तरीके से लगाया जा सकता है इससे शासन की नीतियों एवं जनहित कार्यों का क्रियान्वयन प्रभावित है जो अत्यंत चिंताजनक है। जिस पर गौर करना अब आवश्यक हो गया है सीएम हेल्पलाइन सहित ऑनलाइन शिकायतों का कोई असर नहींदेखा जाए तो राजस्व विभाग सहित विभागीय अमले द्वारा की जा रही भर्रेशाही को लेकर जिले के लोग सीएम हेल्पलाईन में शिकायत करते हैं वहीं कई लोग ऑनलाइन शिकायत भी करते हैं लेकिन उसका कोई असर नहीं हो रहा है। ऐसे में आम जनता के लिए सरकार द्वारा दी गई ऑनलाइन सुविधा भी निरर्थक साबित हो रही है।

काम के लिए लोगों को बार-बार लगाना पड़ता है दफ्तर का चक्करकाम के लिए लोगों को बार-बार कार्यालय आना जाना पड़ता है। फिर भी सहजता से काम नहीं हो पाता है। सबसे ताज्जुब की बात यह है कि उक्त व्यवस्था किसी एक कार्यालय में नहीं अपितु जितने सरकारी कार्यालय हैं सब में व्याप्त घोर अव्यवस्था चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है। जिम्मेदार अधिकारी भलीभांति वाकिफ है फिर भी कार्यवाही करने से कतरा रहे हैं। ऐसी चर्चा है कि भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारी लंबी राजनीतिक पहुंच रखते हैं। सत्तासीन पार्टी के नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों से अपना संबंध बना लिए हैं इसलिए उन्हें कार्यवाही होने का तनिक भी भय नहीं है। इसका लोगों पर विपरीत असर पड़ रहा है। विपक्ष में रहते हुए भाजपाई एक समय जिसका विरोध कर रहे थे आज उसी का समर्थन कर रहे हैं। इस विषय को गंभीरता से लेकर कार्यवाही ना की गई तो निश्चित रूप से आगामी दिनों में इसका गंभीर दुष्परिणाम देखने को मिलेगा।बॉक्स शासकीय कार्यालयों में में दिख रही अंधेरगर्दीजिले के अंतर्गत जितने भी शासकीय कार्यालय हैं कमोवेश सबकी एक जैसी स्थिति है। जिम्मेदार अधिकारी के जिला मुख्यालय के रहने कार्यालय समय पर ना आने तथा आए दिन नदारद रहने से अन्य कर्मचारी भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन मनमानी तरीके से कर रहे हैं। कार्यालयीन कामकाज सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है। जनता जनार्दन से जुड़े हर एक विभाग में सूचना का अधिकार सिटीजन चार्टर लागू किया गया है फिर भी कोई इस संबंध में जानकारी चाहता है तो उसे अनाप-शनाप कह कर कार्यालय से भगा दिया जाता है। जानकारी देने की बात तो दूर रही सिटीजन चार्टर के तहत जनता को अपमानित होकर लौटना पड़ता है। शासन की व्यवस्था को ताक पर रखकर किस तरह से शासन की व्यवस्था का अबंधन किया जा रहा है। उससे शासन की नीतियों का क्रियान्वयन सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है। साथ में पंचायत के लोगों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# सिंचाई परियोजना का कार्य शीघ्र पूर्ण करें - उप मुख्यमंत्री

## नवम्बर माह में नईगढ़ी माइक्रो एक के इंटेक में पानी पहुंचने पर होगी भव्य सोन आरती

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सर्किट हाउस के नवीन खण्ड में आयोजित बैठक में सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बहुती नहर प्रणाली, सीतापुर-हनुमना उद्वहन सिंचाई परियोजना एवं नईगढ़ी माइक्रो परियोजना के कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करें। एक्वाडक्स, नहर, चैनल आदि अन्य निर्माण कार्य में आने वाली बाधाओं को समन्वय के साथ दूर कराते हुए किसानों को सिंचाई के लिये पानी उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि आगामी 2 वर्षों में 6 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा हो जायेगी और आने वाले तीन वर्षों में रीवा एवं मऊगंज जिले के एक-एक इंच क्षेत्र में सिंचाई का पानी किसानों को मिलने लगेगा।



सभी परियोजनाएँ इस क्षेत्र के लिये बहुत बड़ी सौगात है क्योकि सिंचाई विकास का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। उप मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि सिंचाई की सुविधा मिल जाने से किसान निर्धारित फसलों से पूर्ववर्ती फसलें भी ले सकेंगे और यह क्षेत्र प्रदेश के अन्य क्षेत्रों को पीछे छोड़ देगा। उन्होंने निर्देश दिये कि नवम्बर माह तक नईगढ़ी प्रथम के इंटेक तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें वहां भव्य सोन आरती की जायेगी। उप मुख्यमंत्री ने नहर, चैनल, एक्वाडक्ट, सहित अन्य निर्माण कार्यों में वन तथा पर्यावरण विभाग से समन्वय बनाकर स्वीकृति लेते हुए शेष कार्य पूर्ण करें ताकि किसानों को गेंहू के सीजन में सिंचाई के लिये पानी उपलब्ध हो सके। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में बड़े-बड़े उद्योग स्थापना के लिये उद्यमियों द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इन सभी औद्योगिक क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता के कार्यों को सिंचाई विभाग प्राथमिकता दें। इस अवसर पर त्योंथर फ्लो, त्योंथर माइक्रो परियोजना, लोनी माइक्रो सिंचाई परियोजना, सीतापुर-हनुमना सिंचाई परियोजना तथा नईगढ़ी एक एवं दो माइक्रो परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने आश्वस्त किया कि सभी परियोजनाओं के लंबित कार्यों की सभी बाधाओं को दूर कराते हुए नियत समय सीमा में कार्य पूर्ण कर लिये जायेंगे। जल संसाधन विभाग के इंजीनियर तथा निर्माण एजेंसी मिलकर सिंचाई परियोजनाओं के कार्य समय पर पूर्ण करें। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, चीफ इंजीनियर जल संसाधन एके डेहरिया, कार्यपालन यंत्री मनोज तिवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे

# संजय गांधी अस्पताल में वृद्ध ने तीसरी मंजिल से कूदकर दी जान, सुरक्षा पर उठे सवाल

रीवा।

संजय गांधी अस्पताल में शनिवार शाम एक दर्दनाक घटना घटित हुई, जब इलाजरत एक 70 वर्षीय वृद्ध मरीज ने तीसरी मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई, वहीं इस हादसे ने एक बार फिर अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान बैकुंठपुर निवासी किशन कुमार गुप्ता, पिता श्रीधर गुप्ता के रूप में हुई है।



उन्हें परिजनों द्वारा उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल के मेडिसिन वार्ड में भर्ती कराया गया था, जहां शनिवार शाम लगभग 6 बजे उन्होंने वार्ड से बाहर जाकर अस्पताल की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों बताया कि किशन कुमार गुप्ता यूरिन के लिए वार्ड से निकले थे, लेकिन कुछ ही देर बाद लोगों ने उन्हें नीचे गिरा देखा। हालांकि घटना के कारण क्या है और वृद्ध ने यह आत्मघाती कदम किन कारणों से उठाया यह स्पष्ट नहीं हो सका है। शव गृह के पास वृद्ध का शव पड़े होने की सूचना के बाद अस्पताल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची जिसके बाद वृद्ध के शव को अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया गया है, साथ ही पुलिस पूरी घटना की जांच में जुटी हुई है।बॉक्स जहां से कूदे, वहां नहीं थी रेलिंगसबसे चिंताजनक पहलू यह है कि मरीज ने जिस स्थान से कूदकर जान दी, वहां सुरक्षा के लिए कोई रेलिंग नहीं लगाई गई थी। जबकि पूर्व में हुई आत्महत्या की घटनाओं के बाद अस्पताल प्रबंधन ने कुछ क्षेत्रों में रेलिंग लगाने का दावा किया था। बताया जा रहा है कि जिस जगह से वृद्ध ने छलांग लगाई, वह क्षेत्र अब भी असुरक्षित है और वहां से नीचे गिरने का सीधा रास्ता है। बॉक्स पूर्व मे भी हो चुकी हैं घटनाएंगौरतलब है कि संजय गांधी अस्पताल में इससे पहले भी मरीजों द्वारा आत्महत्या के प्रयास किए जा चुके हैं। इनमें से कई मामलों में मरीजों की मानसिक स्थिति कमजोर बताई गई थी, उन मामलों के बाद सुरक्षा बढ़ाने के वादे जरूर किए गए थे, पर ज़मीनी हालात कुछ और ही कहानी बयां कर रहे हैं।

# मऊगंज विधायक ने रीवा मिर्जापुर रेलवे लाइन की स्वीकृत के लिए रेलमंत्री से रखी मांग

मऊगंज:





विधायक प्रदीप पटेल ने रीवा-मिर्जापुर रेलवे लाइन को शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर इसके निर्माण कार्य का शुभारंभ कराने की अश्विनी वैष्णव मंत्री-रेल मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली को पत्र लिखकर मांग की है कि बाबा रामदेव सरीखे बड़े औद्योगिक प्रकल्प सहित कई बड़े उद्योग मऊगंज मे स्थापित हो रहे हैं ऐसे में मऊगंज तीव्र औद्योगिक विकास की ओर बढ़ रहा है,लेकिन यह क्षेत्र रेल जैसी बुनियादी सुविधा से बंचित है जिससे आवागमन,व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य,औद्योगिक गतिविधियों में गम्भीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मऊगंज विधायक ने लिखे गए पत्र में कहा है कि रीवा-मिर्जापुर रेलवे लाइन को शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर इसके निर्माण कार्य शुरू कराएं जिससे इस क्षेत्र की जनभावना का सम्मान हो और औद्योगिक विकास को नई दिशा मिल सके।

# विकास के साथ सांस्कृतिक आयोजन आवश्यक - उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक आयोजन आवश्यक है। इन आयोजनों से हमें अपनी लोकभाषा से परिचित होने का सौभाग्य मिलता है। हमारी बघेली भाषा में जो ममत्व है वह अन्य भाषा में नही। जो व्यक्ति जमीन से जुड़ा होगा उसे अपनी भाषा से ममत्व होगा ही। विन्ध्य बघेली ममत्व महोत्सव आयोजन अवसर पर कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बघेली को बचाकर रखना होगा और आने वाली पीढ़ी में इसे फैलाना भी होगा। इस प्रकार के आयोजन लोक कलाकारों को मंच प्रदान करते हैं। हमारे यहां प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत है कि कलाकारों को नृत्य, संगीत व नाटक आदि प्रस्तुत करने के लिए मंच प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि सभी कार्य प्रभु की इच्छा से ही होते हैं। इस लिए आवश्यक है कि सभी धार्मिक आयोजन पूरे मनोयोग से किये जांय व भगवान की शरण में जाकर जीवन को कृतार्थ बनाया जाय ताकि आने वाली पीढ़ी सुसंस्कृत हो और विकास वरदान बन सके। उप मुख्यमंत्री ने विन्ध्य बघेली महोत्सव के आयोजन की प्रशंसा की तथा आयोजकों को बधाई दी। इस अवसर पर इंजी. विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, विभा पटेल, नारायण डिगवानी, अविनाश तिवारी, परमजीत सिंह डंग सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जन व कलाकार उपस्थित रहे।